# इटारसी में होगा अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव

**19-20 सितंबर को प्रथम एकलव्य इंटरनेशनल ओपनएफआईडीई रेटेड चेस टूर्नामेंट-2026**




नवभारत न्यूज

**इटारसी, 1 अगस्त. शतरंज प्रेमियों के लिए इटारसी शहर एक ऐतिहासिक आयोजन का गवाह बनने जा रहा है. आगामी 19 एवं 20 सितंबर 2026 को एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल, धोखेड़ा इटारसी में प्रथम एकलव्य इंटरनेशनल ओपनएफआईडीई रेटेड चेस टूर्नामेंट-2026 का आयोजन किया जाएगा. यह इटारसी का पहला एफआईडीई मान्यता प्राप्त शतरंज टूर्नामेंट होगा.**

प्रतियोगिता का आयोजन ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं मध्यप्रदेश चेस एडहॉक कमेटी के तत्वावधान में किया जा रहा है. आयोजन की जिम्मेदारी एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल इटारसी एवं यूनिकॉर्न चेस अकादमी भोपाल द्वारा निभाई जा रही है, जबकि जेटी ईवेन्ट सहयोगी की भूमिका में रहेगा.

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में देशभर से 350 से अधिक खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है. एफआईडीई रेटेड टूर्नामेंट होने के कारण इसमें विदेशी खिलाड़ियों की भागीदारी भी संभावित है, जिससे आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान मिलेगी. इस टूर्नामेंट का उद्देश्य क्षेत्र में शतरंज संस्कृति को बढ़ावा देना, युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का अनुभव उपलब्ध कराना और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए मंच प्रदान करना है. प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के शीर्ष रेटेड खिलाड़ी, उभरती प्रतिभाएं और अनुभवी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे.

आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन भविष्य में इटारसी को मध्यप्रदेश के प्रमुख शतरंज केंद्रों में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा. इससे नर्मदापुरम संभाग में खेल गतिविधियों को नई पहचान मिलेगी. सतिंदरपाल सिंह जग्गी (डायरेक्टर, एकलव्य स्कूल), नरेंद्र सिंह जग्गी (अध्यक्ष, सीडीएबी), रवि श्रीवास्तव (सचिव, सीडीएबी), रश्मीत सिंह जग्गी (डायरेक्टर, एकलव्य स्कूल), अदिति श्रीवास्तव (मुख्य आयोजक), सरबजीत कौर (प्रतियोगिता डायरेक्टर) एवं सविता श्रीवास्तव (संस्थापक, यूसीए) सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे.

## मंदिर में संतों के आगमन से भक्तिमय हुआ माहौल

**इटारसी.** पूज्य पंचायत सिंधी समाज के तत्वावधान में 'झूलण सेवा समिति इटारसी' द्वारा भगवान श्री झूलेलाल मंदिर में आयोजित 40 दिवसीय चालीहा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है. महोत्सव के 11वें और 12वें दिन सिंधी समाज के संतों के आगमन से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया. साईं वल्लभ राम साहेब ने दिया सेवा का संदेश 31 जुलाई की रात सिंध रहेणकी साहेब से साईं वल्लभ राम साहेब मंदिर पहुंचे. उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान झूलेलाल की कृपा पाने का मार्ग निश्छल भक्ति, सेवा और भाईचारे से होकर गुजरता है. चालीहा साहिब का व्रत केवल उपवास नहीं, बल्कि मन और विचारों की शुद्धि का संकल्प है.

# नपा 25 लाख की ई-निविदा पर सवाल

**मोटर-पंप और स्टार्टर मरम्मत के लिए नियमों की अनदेखी के आरोप**

नवभारत न्यूज

**इटारसी. नगर पालिका परिषद इटारसी के जल कार्य विभाग द्वारा मोटर, पंप एवं स्टार्टर मरम्मत के लिए जारी 25 लाख रुपए की ई-निविदा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है.**

पत्रकार सुरेश कुमार चिचवारे ने नर्मदापुरम कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में आवेदन देकर निविदा प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं. शिकायत में इसे नियमों के विपरीत बताते हुए पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है.

शिकायतकर्ता का आरोप है कि पिछले तीन वर्षों में मोटर-पंप की खरीदी एवं मरम्मत के नाम पर नगर पालिका द्वारा 1.56 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जा चुके हैं. इसके बावजूद अब दोबारा 25 लाख रुपए की निविदा जारी किए जाने पर सवाल उठाए गए हैं.

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ठेकेदारों से ली गई अग्रिम राशि के समायोजन और एक पसंदीदा ठेकेदार की पारिवारिक फर्म को कथित रूप से लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से निविदा जारी की गई. इसमें आवश्यक तकनीकी स्वीकृति और मरम्मत के लिए सामग्री की स्पष्ट संख्या का उल्लेख नहीं किए जाने का भी आरोप लगाया गया है.

> शिकायतकर्ता ने बताया कि नगर पालिका की विभिन्न वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त, भोपाल द्वारा पहले ही तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की जा चुकी है. उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि 25 लाख रुपए की ई-निविदा की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जांच पूरी होने तक निविदा प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए. साथ ही, यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों एवं जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए.

**इनका कहना है**

सब कुछ नियमों के तहत हुआ है. हमारा तो यह कहना है कि अभी तो निविदा जारी हुई है, टेंडर स्वीकृत ही नहीं हुआ है, ऐसे में शिकायत का क्या औचित्य? संबंधित को स्वयं निविदा की शर्तें पूरी करके यह काम ले लेना चाहिए, कुछ फायदा उनको भी हो जाएगा.

**पंकज चौरे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद**

**एक नजर में**

### मनीष शाह प्रदेश कार्यकारिणी में पहुंचे

**पिपरिया.** मप्र टी बी एसोसिएशन द्वारा सक्रिय समाजसेवी लायंस इंटरनेशलन के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर और जीएटी एरिया लीडर मनीष शाह को नर्मदापुरम से प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान दिया. मप्र टी बी एसोसिएशन के संरक्षक प्रदेश के राज्यपाल होते है प्रदेशाध्यक्ष जयपाल सचदेवा ने समाजसेवी मनीष शाह को प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान दिया. देशभर में क्षय रोग जिसके लिये राष्ट्रीय स्तर पर मुहिम चलाई गई है और शासन के माध्यम से निचले स्तर तक मधुमेह के रोगियों के स्वास्थ्य रक्षा हेतु विशेष मुहिम चला रखी है .शाह की नियुक्ति पर शाह ने विश्वास दिलाया कि इस क्षेत्र में बहुत कार्य करने की आवश्यकता है ग्रामीण क्षेत्रो सहित लोगो को जागरूक रहकर विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं सहित शासकीय योजनाओं के माध्यम से रोग को जड़ से मिटाने के लिये सक्रिय रहेगे. इस नियुक्ति पर समाजसेवी शाह को अनेको लोगो ने बधाईयां दी. मनीष शाह वर्तमान में डिविजनल रेल्वे सलाहकार समिति के सदस्य नगर व्यापारी संघ के महासचिव सहित अनेको संस्थाओं में पीड़ित मानव सेवा में समर्पित है.

### कार्यकर्ताओं ने अस्पताल को दिया नया स्ट्रेचर

पिपरिया. शासकीय अस्पताल में मरीजों की सुविधा को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नवीन स्ट्रेचर प्रदान किया. अस्पताल में पिछले कई दिनों से स्ट्रेचर की कमी के कारण गंभीर मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को वार्ड तक पहुंचाने में परेशानी हो रही थी. अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा भी इस समस्या से स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया था. इसके बाद सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाभैया पटेल, पुरुषोत्तम रघुवंशी, मालक पटेल एवं भागवत प्रसाद भार्गव ने अस्पताल पहुंचकर बीएमओ डॉ. राजकुमार देजवार पटेल को स्ट्रेचर सौंपा. इस दौरान बीईई पूरनलाल मेहर सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा. बीएमओ डॉ. देजवार पटेल ने सामाजिक कार्यकर्ताओं की पहल की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया.

### गाडाघाट में मनरेगा कार्यों का हुआ सामाजिक अंकेक्षण

**पिपरिया.** ग्राम पंचायत गाडाघाट में मनरेगा योजना अंतर्गत कराए गए कार्यों को लेकर सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया. ग्रामसभा में वर्ष 2025-26 के दौरान किए गए 52 हितग्राही मूलक निर्माण कार्यों का भौतिक, मौखिक एवं दस्तावेजी सत्यापन के बाद जानकारी ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत की गई. ग्रामसभा की अध्यक्षता पूनम पठारिया ने की. जिला पंचायत द्वारा चिन्हित विलेज रिसोर्स पर्सन मनोरमा सोनी ने पंचायत रिपोर्ट का वाचन कर मनरेगा कार्यों की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी. इस दौरान बताया गया कि वर्ष 2025-26 में 46 प्रधानमंत्री आवास, 2 खेत तालाब और 4 डगवेल रिचार्ज फिट सहित विभिन्न निर्माण कार्य कराए गए, जिन पर 8 लाख 91 हजार 329 रुपये की राशि व्यय हुई है. ग्रामसभा में नोडल अधिकारी पटवारी राकेश वर्मा, विकासखंड समन्वयक राजेश कुमार ग्यारसे, सचिव कमलेश पटेल, ग्राम रोजगार सहायक संदीप पटेल सहित ग्रामीणजन, सामाजिक एनिमेटर, ग्राम संपरीक्षा समिति सदस्य आशा-ऊषा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे. ग्रामसभा की कार्यवाही का लेखांकन प्राथमिक शिक्षक राकेश चौधरी ने किया.

### सड़क निर्माण की शिकायत पर मौके पर पहुंची टीम

**पिपरिया.** बनवारी रोड से बेरशेवा इंटरनेशनल स्कूल रोड को जोड़ने वाले बनवारी-बीजनवाड़ा मार्ग पर सड़क निर्माण में देरी को लेकर जनसुनवाई में शिकायत के बाद राजस्व एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) की टीम मौके पर पहुंची. अधिकारियों ने सड़क निर्माण की वर्तमान स्थिति का जायजा लेकर ग्रामीणों से चर्चा की. क्षेत्रवासियों ने बताया कि तेगबहादुर से इंटरनेशनल स्कूल तक सड़क निर्माण का कार्य करीब एक वर्ष से चल रहा है, लेकिन अब तक पूरा नहीं हुआ है. बारिश के कारण अधूरे मार्ग से आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही है. अतिक्रमण की शिकायतों को देखते हुए एसडीएम के निर्देश पर सीमांकन के लिए आरआई संतोष कुमार ठाकुर, पटवारी तनुज शर्मा सहित टीम गठित की गई है. एसडीएम आकिप खान ने आरईएस के उपयंत्री पंकज बामने एवं राजस्व अमले को निर्माण की प्रगति, कार्य पूरा करने की समय-सीमा तथा देरी के कारणों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे. निरीक्षण में कुछ हिस्सों में गिट्टी-बजरी डालकर रास्ता तैयार मिला, जबकि कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य शेष पाया गया. आरईएस उपयंत्री पंकज बामने ने जल्द कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया.

# लूटकांड में तीन गिरफ्तार, एक फरार



नवभारत न्यूज

**हरदा, 1 अगस्त. टिमरनी थाना पुलिस ने लूट की सनसनीखेज वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है.**

पुलिस अधीक्षक शशांक के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा एवं एसडीओपी टिमरनी आकांक्षा तलया के निर्देशन में थाना टिमरनी पुलिस ने यह कार्रवाई की.

पुलिस के अनुसार 31 जुलाई की रात फरियादी धीरज पटेल निवासी बहरागांव अपने साले मनीष के साथ वेयरहाउस टिमरनी में मूंग बेचने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर मोटरसाइकिल से गांव लौट रहे थे. सोडलपुर नहर के पास उषा बंजारा उर्फ कैटरीना तथा उसके साथी नरेन्द्र सोलंकी, अजय बंजारा और विजय नायक ने उनकी मोटरसाइकिल रोक ली. आरोपियों ने मारपीट कर दोनों से नकदी, दो मोबाइल फोन, सोने की चेन, पर्स तथा मोटरसाइकिल लूट ली. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी फरार हो गए थे. मामला दर्ज कर पुलिस ने तत्काल अलग-अलग टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की. 1 अगस्त को पुलिस ने घेराबंदी कर उषा बंजारा उर्फ कैटरीना (31), अजय बंजारा (23) एवं विजय नायक निवासी सोडलपुर को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के कब्जे से दो पर्स, नगदी, एक सोने की चेन, मोबाइल फोन तथा अन्य दस्तावेज बरामद किए गए. गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है. मामले का एक आरोपी नरेन्द्र सोलंकी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है.

## चाचा-भतीजे पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**इटारसी.** महर्षि नगर में शुक्रवार देर रात शराब के पैसे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. पड़ोसी ने चाचा-भतीजे पर चाकू से हमला कर दिया. वारदात में सुनील उर्फ लक्ष्मीनारायण मालवीय (44) गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनके भतीजे अनुप रैकवार को भी चोट आई है. पुलिस ने आरोपी महेश मेहरा को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 11:30 बजे वार्ड नंबर 14 में हुई. लक्ष्मीनारायण मालवीय एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत हैं. बताया गया कि उनका पड़ोसी महेश मेहरा से शराब के पैसे को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया. भतीजे अनुप रैकवार के अनुसार, चाचा ने फोन कर झगड़े की जानकारी दी थी.

# अटल पार्क में पेड़ पर चढ़ा 5 फीट लंबा सांप

**वन विभाग की टीम ने किया सुरक्षित रेस्क्यू**

**फूल तोड़ते समय माली की पड़ी नजर**



**इटारसी. शहर के अटल पार्क में शनिवार दोपहर उस समय हलचल मच गई, जब एक पेड़ पर करीब 5 फीट लंबा सांप दिखाई दिया. पार्क में तैनात माली मनोज रैकवार दोपहर करीब 1:10 बजे पौधे से फूल तोड़ रहे थे.**

इसी दौरान उनकी नजर पेड़ पर चढ़े सांप पर पड़ी. उन्होंने तत्काल इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों और वन्यजीव टीम को दी. सूचना मिलते ही वनपरिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देशन में वन्यजीव अभिरक्षक अभिजीत यादव तथा सर्पमित्र दीपक पवार और राजेश चौरे मौके पर पहुंचे. टीम ने सावधानीपूर्वक कार्रवाई करते हुए पेड़ पर मौजूद सांप को बिना नुकसान पहुंचाए सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया. वन्यजीव अभिरक्षक अभिजीत यादव ने बताया कि रेस्क्यू किया गया सांप धामन प्रजाति का है.

## त्योहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग सख्त, दूध-मावा की जांच तेज

**10 दिनों में 57 नमूने जांच के लिए भेजे**

**नर्मदापुरम. त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान तेज कर दिया है. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार डेयरियों और दुग्ध उत्पाद प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने ले रहा है.**

अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा ने शुक्रवार को ग्वालटोली स्थित यादव डेयरी से दूध एवं मावा तथा पाल डेयरी से दूध और घी के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे.

विभाग के अनुसार पिछले 10 दिनों में जिले की विभिन्न डेयरियों एवं दुग्ध उत्पाद विक्रेताओं से दूध और अन्य दुग्ध उत्पादों के कुल 57 नमूने एकत्रित किए जा चुके हैं. जांच रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत संबंधित प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

# सड़क पर जलभराव से नागरिक परेशान



**इटारसी. राठी कॉलोनी और 12 बंगला क्षेत्र को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर लंबे समय से बना बड़ा गड्ढा बारिश के दौरान क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का कारण बन गया है. हल्की बारिश होते ही गड्ढे में पानी भर जाता है, जिससे सड़क पर कीचड़ और गंदगी फैल जाती है.**

जलजमाव के कारण इस मार्ग से रोज गुजरने वाले स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सड़क की खराब स्थिति के चलते दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है. रहवासियों का कहना है कि यह मार्ग राठी कॉलोनी और 12 बंगला क्षेत्र के बीच आवागमन का प्रमुख रास्ता है. इसके बावजूद लंबे समय से सड़क की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है. बारिश के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है. क्षेत्रवासियों ने रेल प्रशासन, विधायक, नगर पालिका प्रशासन, नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि समस्या का जल्द संज्ञान लेकर गड्ढे की मरम्मत और जल निकासी की उचित व्यवस्था कराई जाए.

## संत रविदास जयंती पर भाजपा ने आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम

**पिपरिया.** संत रविदास जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा भाजपा कार्यालय सहित शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए. पुराने गल्ला मंडी, हथवांस, राईखेड़ी और गांधी वार्ड स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे.

विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि संत रविदास महान संत थे और उन्होंने समाज को मानवता एवं समानता का संदेश दिया. पूर्व सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय ने कहा कि संत किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के होते हैं. नगर पालिका अध्यक्ष नीना नागपाल ने कहा कि समाज में समरसता की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से संत रविदास जयंती मनाई जा रही है. पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने संत रविदास एवं मीराबाई के संबंधों का उल्लेख करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला. भाजपा महिला मोर्चा की ममता नागवंशी ने कार्यक्रमों की जानकारी दी.

# सुरक्षा को लेकर पुलिस के अभियान में दो वाहन जब्त




अभाव जैसी कई अनियमितताएं सामने आई.

नवभारत न्यूज

**हरदा. स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरदा पुलिस ने जिलेभर में स्कूल बसों और वैनों की विशेष जांच अभियान चलाया. पुलिस अधीक्षक शशांक के निर्देशन में चलाए गए अभियान में 47 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए ?52,900 का समन शुल्क लगाया गया.**

जांच के दौरान क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन, बिना फिटनेस व बीमा, चालक की वर्दी नहीं होना, फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र का अभाव जैसी कई अनियमितताएं सामने आई.

टिमरनी में जांच के दौरान दो स्कूल वाहनों को गंभीर नियम उल्लंघन पाए जाने पर जब्त किया गया. इनमें एक ईको वैन में निर्धारित क्षमता से अधिक 25 स्कूली बच्चे और 3 स्कूल स्टाफ को बैठाकर ले जाया जा रहा था. पुलिस ने दोनों वाहनों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. हरदा पुलिस ने सभी स्कूल संचालकों और वाहन स्वामियों को सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने की चेतावनी देते हुए कहा है कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे.

## मूंग खरीदी केंद्रों पर प्रशासन की नजर

**पिपरिया. समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की सीमा 60 प्रतिशत किए जाने के बाद उपार्जन केंद्रों पर किसानों की भीड़ और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगने लगी हैं. व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए एसडीएम एवं तहसीलदार के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारी लगातार खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं.**

इसी क्रम में शाकाम्बरी वेयरहाउस स्थित खरीदी केंद्र का सीटी मजिस्ट्रेट एवं नायब तहसीलदार नीरज बैस ने निरीक्षण किया. उन्होंने किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों से शासन के निर्देशों के अनुसार खरीदी प्रक्रिया संचालित होने की जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान बताया गया कि बढ़ी हुई आवक के चलते शाकाम्बरी वेयरहाउस आगामी दो-तीन दिनों में भर सकता है. इसे देखते हुए हेमलता वेयरहाउस में वैकल्पिक भंडारण की जगह तलाशने के निर्देश दिए गए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसानों की ट्रॉलियों को वहां शिफ्ट किया जा सके. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मूंग खरीदी शासन के निर्देशों के अनुसार ही की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

**न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी**

**इश्तहार/ प्रेस विज्ञप्ति**

रा.प्र.क्रं. 0040 अ-6 वर्ष 2026-27

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण पुनीत अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल आ0 सुरेश चन्द्र अग्रवाल निवासी तीसरी लाईन इटारसी, तहसील इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 म0प्र0 भू0 रा0 संहिता प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि नजूल शीट नं0 09 प्लाट नं0 6/49/अ में से रकबा 2235 व0फु0 एवं शीट नं0 09 प्लाट नं0 6/46अ में से रकबा 2880 व0फु0 भूमि जो नजूल अभिलेख में सुरेश चन्द्र अग्रवाल आ0 रमेशचन्द्र अग्रवाल के नाम दर्ज है। भूमिस्वामी सुरेश चन्द्र अग्रवाल रिश्ते में आवेदकगणों के पिता लगते है। भूमिस्वामी सुरेश चन्द्र आ. रमेशचंद्र अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 01/03/2014 को हो चुकी है एवं उनकी मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारसानों में उनकी पत्नि, दो पुत्र एवं एक पुत्री है। भूमिस्वामी सुरेश चन्द्र अग्रवाल ने अपने जीवनकाल में एक वसीयतनामा दिनांक 31/12/2010 को गवाहों के समक्ष निष्पादित किया था, जिसके अनुसार नजूल भूमि शीट नं0 09 प्लाट नं0 6/49अ में से रकबा 2235 व0फु0 भूमि आवेदक क्रमांक 01 पुनीत अग्रवाल को प्रदान किया गया है। इसी प्रकार नजूल शीट नं0 09 प्लाट नं0 6/46अ में से रकबा 2880 व0फु0 भूमि आवेदक क्रमांक 02 प्रणय अग्रवाल को प्रदान किया गया है। आवेदकगण वसीयतनामा दिनांक 31/12/2010 के आधार पर वसीयत के माध्यम से प्राप्त भूमि पर अपना नाम दर्ज कराना चाहते है। अतः आवेदकगणों द्वारा उक्त वर्णित भूमि पर वसीयतनामें के आधार पर आवेदकगणों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 03/08/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोट :- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी

**नजूल अधिकारी, इटारसी**

**नर्मदातट** — मां नर्मदा तट पर गूंजा जय श्रीराम का उद्घोष, दादा गुरु जी ने किया पौधरोपण

# श्रीराम कथा के अष्टम दिवस उमड़ा आस्था का सैलाब



आंवलीघाट में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक प्रेमशंकर वर्मा

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा. मां नर्मदा के पावन तट आंवलीघाट में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के अष्टम दिवस श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला. कथा स्थल पर हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया. जय श्रीराम और हर-हर नर्मदे के जयघोष से नर्मदा तट गूंज उठा.**

कथा के अष्टम दिवस पर नर्मदा परिक्रमावासी परम श्रद्धेय अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरु जी का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ. श्रद्धालुओं ने उनके दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर दादा गुरु जी ने आंवलीघाट में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक प्रेमशंकर वर्मा सहित संतजन, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे. अंतरराष्ट्रीय मानस प्रवक्ता विदुषी अंजली आर्या ने संगीतमय शैली में श्रीराम कथा का वाचन करते हुए भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग और सेवा भाव का वर्णन किया. उनके भजनों और प्रवचनों से श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए.

विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि मां नर्मदा की साक्षी में आयोजित ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करते हैं. उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है.

## भजन का वजन बढ़ाओ, शरीर का वजन नहीं : पं. राकेश दीक्षित

**श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस श्रद्धालुओं को भक्ति और सत्संग का दिया संदेश**



नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 01 अगस्त. सिवनी मालवा तहसील के ग्राम रजोरा जाट स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा का श्रवण किया. कथावाचक पं. राकेश दीक्षित महाराज ने अपनी ओजस्वी एवं प्रेरणादायी वाणी से भक्ति, सत्संग और मानव जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला.**

कथा के दौरान पं. राकेश दीक्षित महाराज ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसका वास्तविक उद्देश्य ईश्वर की भक्ति एवं नाम-स्मरण करना है. उन्होंने कहा, 'भजन का वजन बढ़ाओ, शरीर का वजन नहीं. भगवान भजनदार की सुनता है, बजनदार की नहीं.' उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि जीवन में भजन-कीर्तन और सत्संग को सर्वोच्च स्थान दें, क्योंकि यही मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाता है.

उन्होंने संतों की वाणी का उल्लेख करते हुए कहा कि 'बिना भजन जीना मना है.' यदि मनुष्य अपने जीवन में प्रभु का स्मरण नहीं करता, तो उसका जीवन व्यर्थ हो जाता है. उन्होंने कहा कि केवल खान-पान और भौतिक सुख-सुविधाओं में ही जीवन व्यतीत करने के बजाय भगवान के नाम का स्मरण करना चाहिए. शरीर का नहीं, बल्कि भजन का वजन बढ़ाना ही जीवन की सच्ची सफलता है. कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर भजन-कीर्तन में झूम उठे. श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया.